www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में महिला को सम्मानित करते चेयरमैन देव मूर्ति।

# एसआरएमएस में मनाया गया आईवीएफ दिवस

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** विश्व आईवीएफ दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में आयोजन हुआ। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में कई दंपति भी अपने बच्चों के साथ शामिल हुए।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि उच्च शिक्षा और नौकरी में व्यस्तता, अधिक उम्र में होने वाली शादियां, लाइफ स्टाइल की वजह से आज निःसंतानता बढ़ रही है, लेकिन आज के दौर में यह कोई समस्या या तनाव की बात नहीं। आईवीएफ के जरिये बच्चे की इच्छा कभी भी और किसी भी उम्र में पूरी हो सकती है। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आज से 11 वर्ष पहले आईवीएफ सेंटर स्थापित किया गया।